Seventeenth Loksabha

an>

Need to formulate a comprehensive plan for diversion of water of West flowing rivers of Sahyadri mountain range in Maharashtra

श्री सदाशिव किसान लोखंडे (शिर्डी): महोदय, शिरडी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में गोदावरी बेसिन में गोदावरी, मुला, प्रवास, म्हालुंगी और आढला प्रमुख नदियां शामिल हैं जो सहयाद्री पर्वत श्रृंखलाओं से निकलती हैं। इनमें गोदावरी नदी पर गंगापुर, उर्ध्व गोदावरी और प्रवरा नदी पर भंडारदरा और नीलवंडे, मुला नदी पर पीपलगांव खांड और मुला बांध जैसे बड़े बांध बनाए गए हैं। इन तीनों नदियों के संगम के बाद पैठण, जिला औरंगाबाद में जायकवाड़ी बांध बनाया गया है, चूंकि यह क्षेत्र महाराष्ट्र का वर्षा छाया क्षेत्र है इसलिए इस क्षेत्र में बहुत कम वर्षा होती है और किसानों की फसलें बुरी तरह से प्रभावित होती है।

सहयाद्री पर्वत श्रृंखला में घाटों से पश्चिम की ओर बहने वाला जल पूर्व की ओर बहने के स्थान पर छोटे-छोटे झरनों से होकर विपरीत दिशा में अर्थात् पश्चिम की ओर पहाड़ों की भौगोलिक संरचना के अनुसार बहता है। उसके लिए कहीं-कहीं छोटी-छोटी धाराओं पर मिट्टी के छोटे-छोटे बांध बनाकर पानी को पूर्व की ओर मोड़ना सुविधाजनक होगा। इस कार्य के लिए व्यापक भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता नहीं है। साथ ही, चूंकि यह एक छोटी योजना है इसलिए बड़े पूंजीगत व्यय की आवश्यकता नहीं होगी और सीमेंट और पत्थर के बांधों को खोदने और बनाने की कोई आवश्यकता नहीं होगी। अत: मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि गोदावरी बेसिन में सहयाद्री पर्वत श्रृंखला के घाटों पर पश्चिम की ओर बहने वाले पानी को पूर्व की ओर मोड़ने हेतु केन्द्रीय स्तर पर एक व्यापक कार्य योजना बनाकर इसके शीघ्र क्रियान्वयन हेतु सकारात्मक कदम उठाए जाएं।